# रींगस से खाटू तक, श्याम जयकारों की गूंज

## नीले घोड़े पर सवार होकर आज करेंगे नगर भ्रमण, श्याम सरकार के रंग में रंगे भक्त

## बाबा श्याम, खाटू में भंडारे कर रहे सभी को आकर्षित, सेवा का अनुठी मिसाल है भंडारे














( बीएल सरोज )

**खाटूश्यामजी।** बाबा श्याम का वार्षिक फाल्गुन मेले का मंगलवार को दसवां दिन रहा और श्याम भक्तों की भीड़ मानो जैसे अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करने पर उतारू हो जयपुर से खाटू तक दिल्ली से खाटू या फिर सीकर से खाटू जिस राह पर देखो उधर श्याम भक्ति श्याम भक्त नजर आते हैं हाथों में बाबा श्याम का निशान और मुंह पर बाबा श्याम के नाम का जयकारा लगाते लगातार श्याम भक्त कोशो पैदल चलकर बाबा के धाम खाटू पहुंच रहे हैं और खाटू पहुंचने से पहले- ही रींगस से जो स्वागत मान मनवार मिलती है उससे हर कोई दांतों तले उंगली दबाते नजर आते हैं, सर पर पगड़ी और अनेक रंग बिरंगी पोशाकों में नाचते गाते श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शनों के लिए आगे बढ़ रहें हैं, भंडारे में लजीज और स्वादिष्ट व्यंजनों की भरमार है वही उनकी आव भगत का तो कहना ही क्या जो

### मेले में 5000 पुलिसकर्मी दो हजार से ज्यादा स्वयं सेवक, 1500 स्काउटगाइड सेवाएं दे रहे हैं।

दिल में उतर जाती है, श्री श्याम परिवार संघ पंजाब बुढलाढा वालों का कहना है कि हमें तो बाबा श्याम इन भक्तों में ही नजर आते हैं श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटूश्यामजी और जिला प्रशासन ने सुगम सरल और सुरक्षित दर्शनों के लिए दिन रात एक कर दिए हैं, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक लगातार खाटूश्यामजी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, स्काउट गाइड भी व्यवस्थाओं में सहयोग रहें है, मंदिर कमेटी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग भी खाटू आने वाले भक्तों के लिए पलक पांवड़े बिछाए हुए है जिससे राजस्थान की आवभगत की संस्कृति और स्लोगन की स्पष्ट छाप दिखाई देती है मानो जैसे प्रत्येक खाटू का नागरिक कह रहा हो पधारों म्हारे देश।

### विधायक बालमुकुंदाचार्य ने किए दर्शन

हवा महल से विधायक बालमुकुंदाचार्य भी रींगस से पैदल चलकर बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे और दर्शन कर प्रदेश और देश में खुशहाली की कामना की, वहीं पर अनेक वीआईपी भी बाबा के दरबार में पहुंच रहे हैं।

## फाग उत्सव में महिलाओं ने खेली फूलों की होली



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** नवलगढ़ में राधा- रानी ग्रुप की ओर से हरलाल का की कोठी में रविवार को फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने कान्हा केशव संग जमकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजनों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वृंदावन जैसा माहौल नजर आया। वही फागोत्सव में कृष्ण और राधा रूप की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान भजन गायक सतीश सोनी, विशाल पंडित, दिनेश शर्मा, पंडित भारत शर्मा सहित अन्य कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में महाआरती हुई, इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रुप की सदस्य भगवती मोयल, मधु कच्छावा, बबीता सोनी, नीतू जांगिड़, रेखा शर्मा, शारदा पारीक, संतोष तिवाड़ी, पूजा जांगिड़, कविता सोनी, माया सोनी, माया जांगिड़, मीनू जांगिड़, व ममता सोनी ने महिलाओं का स्वागत किया। इस मौके पर मंजूला रूंथला, धमेंद्र पारीक, राकेश टेलर, संजय जांगिड़, दीपक तिवाड़ी, पवन कच्छावा, सुरेंद्र शास्त्री, कृष्ण बिहारी, पुजारी विश्वनाथ, देवेंद्र वर्मा, राजेश सोनी, नरेश पारीक, शिवम सैन आदि मौजूद थे।

## अग्रसेन नगर कॉलोनी में मनाया फागोत्सव



**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** होली अवसर पर विभिन्न जगहों पर आयोजित महोत्सवों के अन्तर्गत सोमवार को अग्रसेन नगर कॉलोनी में महिलाओं द्वारा फागोत्सव मनाया गया। सुधा काबरा ने बताया कि राधा, रूकमण, कृष्ण की सजीव झाँकियों के साथ फूलों की होली खेली गई। उन्होंने बताया कि हेमा शर्मा ने कृष्ण झाँकी, पुष्पा सोमानी-सुनिता चौधरी ने राधा-रूकमण की सजीव झाँकी का प्रदर्शन किया वहीं गुर्जर-गुजरी का स्वरूप वंदना अग्रवाल व वैदिका मूंदड़ा ने धरा।

इस अवसर पर कृष्ण सखी मंडल की पारूल, सीमा व तेजस्वी ग्रुप से अरूणा सुखवाल व उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। निर्धारित ड्रेस कोड में सम्मिलित समस्त महिला सदस्यों ने रंग मत डाले रे सांवरिया भजन पर नृत्य किया। इस अवसर पर राजकुमारी अजमेरा, तारा मालीवाल, नेवी कंवर, चंदा सोमानी, सुमन मूंदड़ा, दीपा अग्रवाल, गुड्डी तोतला, सुशीला कलंत्री, दीपिका अजमेरा, पूजा आदि उपस्थित रहे।

## रींगस में महिलाओं ने मनाया फागोत्सव, एक-दूसरे को लगाया रंग गुलाल



**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** कस्बे के खाटू मोड़ स्थित श्री सीताराम गौशाला शिव मंदिर प्रांगण में महिला मंडली द्वारा चंग की ढाप पर धमाल गाते हुए फागोत्सव मनाया गया।

महिला मंडली की सदस्या सुनीता कुमावत ने बताया कि महिलाओं द्वारा रंग गुलाल व फूलों से होली खेलकर रंगों के पावन पर्व की गले मिलकर बधाईयां दी गई। वहीं फाल्गुनी धमाल पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान मल्लिका धींगड़ा, सरिता, झमकू देवी, सुमन, झमरी देवी, उषा देवी, सोहनी, सावित्री, हेमलता, इंद्रा, तन्वी, पूनम, कमली, संतोष आदि मौजूद रही।

## भैंरुजी बाबा के दर्शन कर खुशहाली की कामना

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** राज्य सरकार में श्रीयादे माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने सपरिवार रींगस भैरु बाबा के दरबार पहुंच कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात रींगस भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता विष्णु चुलेट के नेतृत्व में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष टाक का स्वागत किया। ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मालीराम कुमावत ने बताया कि जयपुर से श्रीगंगानगर प्रवास के दौरान श्रीयादे माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने रींगस भैरु बाबा दरबार में धोक लगाई। इस दौरान ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष फूलचंद कुमावत, जुगल किशोर मंढोला, मनीष कुमावत, सचिन कुमावत आदि मौजूद थे।



## खाटू के लिए निशान पद यात्रा आज

**मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई।** राधे कृष्ण नवयुवक मंडल बांदीकुई के सानिध्य में फाल्गुनी एकादशी के उपलक्ष में बांदीकुई से सांवलिया धाम कनावर को निशाना पद यात्रा 20 मार्च को बालाजी मंदिर से जाएगी। निशाना पद यात्रा का आकर्षण केंद्र होगा। भव्य बाबा का शीश दरबार, अखण्ड ज्योत, फूलों की होली, आतिशबाजी, 56 भोग, भव्य निशाना होगा। यह जानकारी मंडल के फाउंडर मोनु ताम्बी दी।

## रत्नेश्वर महादेव में धूमधाम से मनाया फागोत्सव

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** नारी शक्ति संगठन द्वारा रत्नेश्वर महादेव मंदिर, गांधीनगर में भव्य एवं दिव्य फागोत्सव अलौकिक रूप से मनाया गया। भावना न्याती ने बताया कि सभी महिलाओ ने ठाकुरजी के साथ फूलो और गुलाल से जमकर होली खेली। राधिका पटवा ने बताया कि राधा, कृष्ण, गोपियों का रूप धरकर भव्या न्याती, अपूर्वा पटवा, प्राची जागेटिया, भाविका न्याती और इशानवी साहू ने पचरंग फागनियो रंगवा दे, रंग मत डालो रे सांवरिया, कन्हैया जमना मा डर लागे, होली आई होली आई जैसे भजनों पर मनभावन नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

पूजा शर्मा और रतन प्रजापत ने बताया कि भजन गायक उमा शर्मा और सुमन ने मधुर आवाज में भजन गाकर सभी भक्तो को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी महिलाओ ने भजनों पर जमकर नृत्य किया, मेरो गुम गयो बाजू बंध रसिया होली में, आज बृज में होली रे रसिया जैसे भजनों पर कोई भी थिरकने से अपने आप को रोक नहीं पाया। बच्चो और महिलाओं ने राधा कृष्ण का रूप धरा। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे होली के गीत गाकर होली खेल कर फागोत्सव का आनंद लिया।

## श्याम श्रद्धालु का फोन लौटाकर ईमानदारी का दिया परिचय

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** कस्बे के निकटवर्ती गांव गुढ़ा निवासी सतीश जांगिड़ ने श्याम श्रद्धालु का खोया हुआ आइफोन मोबाइल लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया। सतीश जांगिड़ ने बताया कि वह स्कूटी लेकर सिटी बस स्टैंड से भैरुजी मोड़ की तरफ आ रहा था धायल हॉस्पिटल के समीप पहुंचने पर सड़क किनारे मोबाइल पड़ा हुआ दिखाई दिया। स्कूटी को रोककर मोबाइल उठाया और मोबाइल मालिक से संपर्क किया। जिस पर खाटूश्यामजी की पदयात्रा कर रहे मोबाइल मालिक चंडीगढ़ निवासी वरुण अपने साथियों के साथ पहुंच कर मोबाइल प्राप्त किया और सतीश जांगिड़ का आभार व्यक्त किया।

## श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ कोटपूतली।** बजरंग दल की खड़ब ग्राम ईकाई में बावड़ी वाले श्री हनुमान मन्दिर में मंगलवार को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि मन्दिर केंद्र में युवा बजरंग दल का मिलन केंद्र चलाकर गांव में मतभेद दूर किये जा सकते हैं एवं एकता से ही गांव का धार्मिक व सामाजिक विकास सम्भव हैं। इस दौरान नेमीचंद हिन्दू, विजय चौहान, अरविंद, अशोक, विशाल, प्रवीण, सोनू, जयसिंह, राकेश, प्रियांशु, नवीन, अजय, प्रदीप, आशीष, मनोज कुमावत, ताराचंद सहित अन्य मौजूद रहे।

## श्री खाटू धाम के लिए तृतीय डाक निशान यात्रा



**मॉर्निंग न्यूज @ कोटपूतली।** ग्राम भैंसलाना के जमुवाय माता मंदिर से मंगलवार को श्री खाटु धाम के लिए तृतीय डाक निशान यात्रा श्री श्याम युवा मंडल टीम द्वारा संपन्न की गई। श्याम प्रेमी धर्मसिंह भैंसलाना ने बताया की टीम ने भैंसलाना से खाटु धाम 125 किलोमीटर की यात्रा 04 घंटे 51 मिनट में पूर्ण कर श्री श्याम बाबा को निशान अर्पित किये। इस दौरान हेमराज सिंह, भवानी सिंह, पवन सिंह, आशीष सिंह, पिंटू सिंह, भानु प्रताप सिंह, योगेश सिंह, रविंद्र सिंह, निर्मल सिंह, महेश सिंह, पं. राजेश शर्मा, नवीन गौड़, वीर सिंह, लोकेश सिंह, निर्मल सिंह शेखावत, गजेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, गोविंद सिंह, कुलदीप सिंह, उमेश कुमावत, प्रमेंद्र सिंह, रामसिंह, आकाश यादव, रोहित राव, सोनू सिंह, रोहित सिंह सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

## एनवी जैवलर्स का खाटूश्यामजी में भंडारा



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** खाटू श्याम जी के मेले में एनवी ज्वेलर्स की ओर से रिंगस सारगोठ के बीच तीसरा निशुल्क भंडारा संचालित है। भंडारे में एनवी ज्वेलर्स ग्रुन के मेंबर्स की ओर से आने वाले भक्तों की खूब सेवा की जा रही है। भंडारे में विनीता सोनी, मीनाक्षी सोनी, विनोद सोनी, राधिका सोनी एवं सुनीता चौधरी सहित कई श्याम भक्त सेवाएं दे रहे हैं। याद रहे एनवी ज्वेलर्स की ओर से बाबा के वार्षिक फाल्गुनी मेले में या तीसरा भंडारा है। भंडारे में भक्तों के लिए शुद्ध और पौष्टिक आहार की अति उत्तम व्यवस्था है। आने वाले भक्त एनवी ज्वेलर्स के भंडारे की मुक्त कंठ सराहना कर रहे हैं।